Rs. 5/-

Readers' Club Bulletin

पाठक मंच बुलेटिन

Vol. 19, No. 3, March 2014



Readers' Club Bulletin
पाठक मंच बुलेटिन

Vol. 19, No. 3, March 2014 **वर्ष 19, अंक 3, मार्च 2014**

Editor / संपादक
Manas Ranjan Mahapatra
मानस रंजन महापात्र
Assistant Editors / सहायक संपादकगण
Deepak Kumar Gupta
दीपक कुमार गुप्ता
Surekha Sachdeva
सुरेखा सचदेव
Production Officer / उत्पादन अधिकारी
Narender Kumar
नरेन्द्र कुमार
Illustrator / चित्रकार
Raj Kumar Ghosh
राजकुमार घोष

Printed and published by Mr. Satish Kumar, Joint Director (Production), National Book Trust, India, Nehru Bhawan 5, Institutional Area, Phase-II, Vasant Kunj, New Delhi-110070

Typesetted & Printed at Pushpak Press Pvt, Ltd. 203-204, DSIDC Shed, Ph-I Okhla Ind. Area, N.D.

Contents/सूची

Ruskin Bond had a		1
सात समुंदर	डॉ. अमिताभ शंकर राय चौधरी	3
A Fool Cannot Survive	A.N.D. Haskar	5
रंगों से डर गया हाथी	बद्री प्रसाद वर्मा 'अनजान'	8
Aditya and Genie	Hema Rao	10
चंदा मामा दूर कहाँ	भगवती प्रसाद द्विवेदी	13
पैसे का पेड़	वैद्यनाथ झा	14
मेरी पतंग	अंजू बाला	17
Yaksh The Tree Spirit	Herminder Ohri	18
गोपीरामपुरा की होली	डॉ. सुनीता	21
बूझो पहेली	सन्दीप कपूर	24
Been to Blind's...	Gayatri Mishra	25
कैसे बनी गुड़िया	आकांक्षा यादव	27
हाथी जी	रमेश चंद्र पंत	29
मोहल्ले में चोरी	प्रभात कुमार दास	30
The Street Child	Ambikesh Sharma	31
दोस्त सोचे जो, तुम....	आइवर यूशिएल	32

Editorial Address/ **संपादकीय पता**
National Centre for Children's Literature, National Book Trust, India, Nehru Bhawan 5, Institutional Area, Phase - II, Vasant Kunj, New Delhi-110070
राष्ट्रीय बाल साहित्य केंद्र, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, नेहरू भवन, 5 इंस्टीट्यूशनल एरिया, फेस-II, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070
E-Mail (ई-मेल) : office.nbt@nic.in

Per Copy/ एक प्रति Rs. 5.00 Annual subscription/वार्षिक ग्राहकी : **Rs. 50.00**
Please send your subscription in favour of **National Book Trust, India.**
कृपया भुगतान **नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया के** नाम भेजें।
This Bulletin is meant for free distribution to Readers' Clubs associated with National Centre for Children's Literature.
यह बुलेटिन राष्ट्रीय बाल साहित्य केंद्र से जुड़े पाठक मंचों को निशुल्क वितरित किया जाता है।

From April 2014 onwards, the price per copy of Readers' Club Bulletin will be Rs. 10/- and the annual subscription charges will be Rs. 100/-

Ruskin Bond had a Fun Time with Children

Ruskin Bond, one of the most favourite writers of children in India, spent a delightful time with children, young and not so young readers in the Theme Pavilion on the inaugural day of the New Delhi World Book Fair held at Pragati Maidan, New Delhi from 15 to 23 February 2014. Expressing his happiness on visiting the Fair and meeting curious readers of all age groups, he said, "It is great to see intelligent and bright people around in the World Book Fair. Intelligence and brightness comes from reading books. If you read books you can become writer. Do open books." On asking about his books like *Tigers Forever* and his love for the animal he said, "Tigers do scare me, I'm much happier with small cats." Showing his deep concern for the animal, he said, "Tigers represent India and we need to conserve them." Ruskin Bond also had a photo session with the readers present on the occasion.

This year the theme of the New Delhi World Book Fair was *Kathasagara: Celebrating Children's Literature*. Shri Pranab Mukherjee, Hon'ble President of India inaugurated the Fair. Observing that the focus of the Fair is children's literature, the President said, "India has a long and rich tradition

of literature as manifest in our folk and oral storytelling traditions, *Panchatantra*, mythologies, *Puranas*, *Jataka Tales*. Even in the 20th century, eminent writers like Rabindranath Tagore and Premchand have all written for children." He further added, "Children are the best readers because they have no patience for pretence."

The Theme Pavilion was inaugurated by Shri Ashok Thakur, Secretary, Higher Education, Ministry of Human Resource Development. As in the past, the Theme Pavilion remained a hub of activities during the nine days of the Fair. Divided into three sessions, the morning session (11.00 am to 1.00 pm) was dedicated for theatre workshops, storytelling sessions, skits, illustration workshops, cultural programmes; the afternoon session (2.00 to 4.30 pm) was dedicated for panel discussions, storytelling sessions, drama

performances etc; and during the evening session (6.00 to 7.30 pm) an informal interaction with famous children's author and illustrator was organised in which the illustrator drew the illustrations on-the-spot as per the story told by the author.

In these programmes noted authors, illustrators, scholars and educators like Paro Anand, Dr Madhu Pant, Nilima Sinha, Kshama Sharma, Aabid Surti, Debashish Deb, Beena Kapoor, V Ramanuj, Subir Shukla, Arvind Kumar, Tiril Valeur, Dr V K Tyagi, Durga Bai, Shashi Shyte, Surekha Panandiker, Dinesh Mishra, Ankit Chadha, Nina Sabnani, Poonam Girdhani, Fauzia, Priya Kurien, Rajiv Tambe, Subhadra Sengupta, Jeeva Raghunath, Orijit Sen, Ashish Ghosh, Rajnikant Shukla, Sherjung Garg, Rajesh Utsahi among others interacted with book lovers.

A large number of children, parents, teachers, authors, editors and scholars visited the Fair and participated in the events organised by NBT in the Theme Pavilion. Dr M M Pallam Raju, Hon'ble Union Minister of Human Resource Development visited the Theme Pavilion on 17 February 2014. He released *The Good Books Guide*, published by NBT. He hoped that the book will help children, parents and educators to select good books for reading. He asked children to make reading their habit and read books in their mother tongue along with English.

The major features at the Theme Pavilion included special corners 'Shankar Revisited' displaying original works of Shankar Pillai, legendary children's writer, illustrator and founder of Children's Book Trust; 'Puluk Biswas and Harikrishna Devsare Retrospectives' displaying breath-taking original illustrations of Puluk Biswas, eminent illustrator and books of Dr Devsare, noted children's writer; 'Illustrators' Corner' featuring works of well-known Indian illustrators like Mickey Patel, Atanu Roy, Jeyanthi Manokaran among others.

And to add the colours, special exhibit of more than 800 books in all Indian languages and English was also put up at the pavilion supplemented by 'A Tale of Tales', a series of specially curated panels depicting the story of Indian children's literature with glimpses of its diversity, richness and evolution.

धारावाहिक उपन्यास
भाग : 12

सात समुंदर

पूरब का वेनिस

डॉ. अमिताभ शंकर राय चौधरी

नारायणन के मन में अपनी पोती गायत्री को एक बेहतरीन तैराक बनाने की धुन सवार है। वे स्वयं पोती को प्रतिदिन पंपा होते हुए अलेप्पी ले जाते हैं, जहाँ वह कुमारन से तैराकी का प्रशिक्षण लेती है। इस हेतु वह कड़ी मेहनत करती है। कुमारन उसे खेलों से संबंधित प्रेरणाप्रद संस्मरण सुनाते हैं। गायत्री के पिता मणिशंकरन इस सबसे परेशान हैं, लेकिन नारायणन कहाँ मानने वाले हैं! इस भाग में कुछ आगे की बातें...

पंपा नदी के किनारे बसा और चारों ओर नहरों से घिरा होने के कारण अलेप्पी को 'पूरब का वेनिस' कहा जाता है। इटली का वेनिस भी बिलकुल समुद्र के बीच बसा शहर है। वहाँ मकान एवं अट्टालिकाओं के इर्द-गिर्द नीला पानी हिलोरें भरता रहता है।

केरल में खेतों की सिंचाई के लिए एक अनोखी व्यवस्था है—मानव निर्मित नहरों का जाल। इसे 'बैक वाटर' कहते हैं। ये नहरें अरब सागर को बड़ी-बड़ी झीलों से जोड़ती हैं। अलेप्पी के समीप वेम्बानाद झील केरल की सबसे बड़ी झील है। अगस्त के दूसरे शनिवार के दिन पंपा में साँप जैसे मुँह वाली नौकाओं की 'स्नेक बोट रेस' का आयोजन होता है। इसे देखने के लिए दूर देश के सैलानी भी उमड़ पड़ते हैं। बस अड्डे से जो सड़क पंपा के किनारे-किनारे शहर के अंदर दौड़ती है, उसी में एक टेम्पो चला आ रहा है। टेम्पो में बैठा ऑर्थर सोच रहा था, आगे उसका भविष्य क्या होगा। फिर से वह बैडमिंटन खेल पाएगा या नहीं। अलेप्पी में वह अपने दोस्त के साथ आया है। उसका दोस्त यहाँ एक ऑफिस क्लब के मैच में हिस्सा लेने आया है।

सुबह की सुनसान सड़क में ऑर्थर ने ध्यान भी नहीं दिया कि एक बूढ़ा व्यक्ति साइकिल पर एक लड़की को बिठाकर दूसरी ओर से आ रहा था। वह अपनी ही धुन में खोया रहा।

घुटने में दर्द के लिए उसका बहुत इलाज हुआ। दवा, व्यायाम, सेंक, मालिश, लेकिन सब व्यर्थ। अंततः उसे जोड़ों में सूई लगाई गई। यहीं से उसका सर्वनाश शुरू हुआ। दर्द तो घट गया। उसकी उम्मीद भी बँधी। चलो, फिर से खेल सकेंगे, लेकिन तब तक इस सूई ने उसके शरीर को झकझोरकर रख दिया था। उसे दिनभर बेचैनी-सी रहती। रात में नींद न आती, चेहरे पर कुछ सूजन होने लगी। अचानक उसे याद आया, बैडमिंटन में दो बार ओलंपिक गए दीपंकर

भट्टाचार्या का नाम। ऐसा ही कुछ सूई के चलते दो साल तक वह भी बैडमिंटन उठा भी न सका था।

दवा तो इनसान को जिंदगी देने के लिए होती है। पर गलत इस्तेमाल से अमृत जहर बन जाता है। खिलाड़ियों में ऊर्जा बढ़ाने के लिए, दर्द सहने की शक्ति बढ़ाने के लिए और मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए तरह-तरह की दवाओं का इस्तेमाल अब आम बात हो गई है। इसी के चलते कनाडा के बेन जॉनसन को ओलंपिक स्वर्ण पदक से हाथ धोना पड़ा था। भारतीय महिला एथलीट कुंजरानी को भी क्या कम अपमान झेलना पड़ा?

उस दिन की बात तो ऑर्थर कभी नहीं भुला सकता है। रातभर नींद न आने के कारण वह सुबह से ही ऊँघ रहा था। आजकल वह हर समय तनाव में रहता था। मन में एक खीज बनी रहती थी। शाम को अचानक किसी ने उसका दरवाजा पीटा।

पिल्लई की आवाज थी, ''दरवाजा खोल!''

''क्या बात है?'' उसने कर्कश स्वर में पूछा।

''अरे उठ, चल। टी.वी. पर ऑल इंडिया बैडमिंटन चैंपियनशिप का खेल आ रहा है। देखना है कि नहीं?''

''नहीं, तू जा।''

''अरे, दरवाजा खोल तो सही! क्या दिनभर सोता रहता है?''

''मुझे परेशान मत कर पिल्लई। तू जा।'' उसकी आवाज में ऐसा कुछ था कि जो बचपन के दोस्त को भी बहुत बुरा लगा।

वह चला गया।

उसी दिन पुल्लेला गोपीचंद ऑल इंडिया बैडमिंटन कम्पटीशन में चैंपियन हुआ। सारे भारत के खेलप्रेमी झूम रहे थे।

और ऑर्थर अपने कमरे में सो रहा था या सोने की कोशिश में बेचैन था।

सी-26/35-40 ए, राम कटोरा
वाराणसी-221001 (उ.प्र.)

From NBT's Treasure Trove

A Fool Cannot Survive

A.N.D. Haskar

In a certain forest there lived a lion called Fiercemane. He had a permanent follower and attendant, a jackal named Dusty.

One day it came to pass that during a fight with an elephant, Fiercemane received such heavy blows on his body, that he became unable to move even a step. Because of his condition, Dusty's throat became dry with starvation, and he became weak with thirst and hunger. Then he told Fiercemane: "Master, I am dying with hunger. I cannot take even one step. Then how can I serve you?"

The lion said: "Go, and search for someone whom I can slay even in my present condition." Hearing this, the jackal began to search. In due course he came to a nearby village. There he saw a donkey named Longears, laboriously grazing on some sparse growth by the side of a tank. Approaching him, he said "Uncle, accept my salutations. I have not seen you since long. Say, why have you become so weak?"

"O nephew," replied the donkey, "what can I say. The washerman is merciless and tortures me with excessive loads. He does not give me even a fistful of grass. I eat only these plants mixed with dust. Then how can my body look nourished?"

The jackal said: "Is that so, uncle? There is a beautiful region, enriched by a river and emerald like grass. Come there and stay, experiencing the pleasure of good conversation with me."

"Well spoken nephew," replied the donkey, "but we are domesticated animals and a prey of those who move in the forests. So of what good is that beautiful region for me?"

"Do not speak thus," said the jackal, "that region is under my protection. No outsider has entry there. Further, due to the same problem of oppression by the washerman, three virgin she-asses are already there. Having regained their health, and bursting with youth, they have told me: 'If you are a true uncle to us, then go to the village and search a husband worthy of us.' For this also I will take you there."

Hearing the jackal's words, Longears' body ached with desire, and he said: "Sir, if that is so, then lead on, so that I may follow. It is well said :

"There is no nectar nor poison
Save a wide hipped beauty:
With her one may live
And without her one dies."

and

"Without meeting, or even seeing,
Her name itself arouses;
At a union of glances with her,
It would be strange if one did not melt."

Thereafter Dusty proceeded with Longears towards Fiercemane. When the lion got up, painfully, on seeing the donkey, the latter began to flee. The lion, however, did manage to give the donkey a blow with his paw as he fled, but his luck was out, and the effort was futile.

Then the jackal was incensed, and told the lion: "Oh, what kind of a blow is that, where even a donkey gets away from you by force. Then how will you do battle with the elephant? You must be more forceful."

The lion smiled shamefacedly: "O, what could I do? I was not quite poised for the attack. Otherwise even an elephant would not have escaped my charge."

The jackal said: "Even now will I bring him back, once more, into your proximity. But you must stand ready, poised for the attack."

"But, said the lion": "he fled after having seen me with his own eyes. How will he possibly come here again."

"That is none of your business," replied the jackal, "You should only stand ready, poised to attack." That being done, he followed the donkey, and discovered him grazing in the same place.

Seeing the jackal, the donkey said: "That was a fine place you took me to, O nephew. I nearby got killed. Tell me, who was that from whose blow, terrible like a bolt of lightning, I have escaped."

The jackal laughed and said: "Sir, seeing you come the she-ass had arisen to embrace you passionately. You ran away like a coward. She is not able to stay without you anymore. When you were running, it was she who put out a hand to hold you, and for no other reason. So, come. She has gone on fast for you, and says 'If Longears will not

become my husband, I will drown or immolate myself or take poison. Come, otherwise you will be guilty of a female's death. Apart from that, you will incur the wrath of the God of Love. It is said:

"The fools who search for fruit illusory,

And go with faces turned away

From Love's all-fulfilling female-emblemed banner,

Them Love himself does strike sans mercy and makes to wander, mendicants,

Some naked and some shaven headed

And some with matted hair or skulls or russet garb."

Then, having listened to Dusty's words with faith, Longears went with him once more. As has been well said:

"When fated, men make mistakes, even knowingly.

For, who in this world likes to commit mistakes."

Thereafter the lion, who was ready and poised for the attack, duly killed Longears. Appointing the jackal to stand guard, he then went to the river to have a bath. Meanwhile, the donkey's brain and ears were devoured by the jackal in a fit of greed. When the lion returned after



his bath and devotions to the gods and ancestors, the donkey lay without ears and brain.

Then the lion, enraged, told the jackal: "Ah, villain, what is this improper deed that you have done, defiling this prey by eating its ears and brain."

"Master," replied the jackal humbly, "do not speak thus. This donkey was without ears and brain from the beginning. It is only thus that having come here and seen you, he came back once again.

The lion was convinced by this explanation, and dividing the prey with the jackal he ate it without any further misgiving. It is for this that it is said:

"Having come, and even gone

After seeing the lion's might,

The fool who did not think nor listen

Went into the jaws of death."

(From the NBT Publication *Tales from the Panchatantra*)

रंगों से डर गया हाथी

बद्री प्रसाद वर्मा 'अनजान'

हर साल की तरह इस साल भी नंदन वन में होली का हुड़दंग मनाने की जोरदार ढंग से तैयारी चल रही थी। सभी जानवर रंग, गुलाल, अबीर, पिचकारी खरीदने में जुटे हुए थे।

एक रोज लंबू ऊँट ने शेर के महल में जानवरों की एक सभा बुलाई जिसमें मोटू हाथी को छोड़कर बाकी सभी जानवर आए हुए थे।

शेर खड़ा होकर सभी जानवरों से बोला कि पिछले साल मोटू हाथी ने सारे जानवरों को दौड़ा-दौड़ाकर रंगों से नहलाया था। न जाने कितने जानवर मोटू की जोर-जबरदस्ती से काफी परेशान हुए थे। मोटू हाथी ने सबको रंग लगाया, मगर किसी ने मोटू हाथी को रंग नहीं लगाया।

इस साल हम सब मोटू हाथी को इतना रंग लगाएँगे कि वह काला से लाल, हरा, पीला हो जाएगा। छोटे जानवर ऊँट की पीठ पर चढ़कर मोटू हाथी पर रंग डालेंगे तथा बड़े जानवर मोटू को पकड़-पकड़कर रंग लगाएँगे।

इस साल हमने अपने महल के पीछे एक बहुत बड़ा और गहरा गड्ढा खुदवाकर उसे कीचड़ से भरवा दिया है।

इस साल हम सब मोटू हाथी को पकड़कर वहाँ लाएँगे और उसे कीचड़-भरे गड्ढे में गिराकर उसका खूब मजाक उड़ाएँगे तथा होली का हुड़दंग मनाएँगे। यह राज की बात मोटू हाथी तक नहीं पहुँचनी चाहिए। सभा की समाप्ति पर सभी जानवर उठकर अपने-अपने घर की ओर चल दिए।

होली के तीन दिन पहले ही मोटू हाथी भूमिगत हो गया। लंबू ऊँट, राजा शेर, हिरन, भालू, जेबरा, गैंडा, बाघ, चीता, खरगोश, सियार, लोमड़, बंदर, नेऊर, गिलहरी सभी ने मोटू हाथी को ढूँढ़ने में दिन-रात एक कर दी, मगर सारा नंदन वन ढूँढ़ने के बाद भी मोटू हाथी कहीं नहीं मिला।

होली के एक दिन पहले 'सम्मत' जलाने की तैयारी हो रही थी। राजा शेर ने सभी जानवरों से कहा कि सम्मत जलाने के लिए ढेर सारी लकड़ियों की जरूरत पड़ेगी। हम सबको पहले लकड़ी की व्यवस्था करनी होगी।

इतना सुनते ही हिरन बोल उठा, "मेरे घर के सामने पुआल का ढेर पड़ा है। मैं चाहता हूँ कि लकड़ी से सम्मत न जलाकर पुआल से सम्मत जलाई जाए। इससे पेड़ कटने से बच जाएँगे और हमारी सम्मत भी जल जाएगी।"

रात को सभी जानवर अपने-अपने हाथों में मशाल लेकर पुआल के ढेर के पास जा पहुँचे।

लंबू ऊँट राजा शेर से बोला, "अब देर किस बात की, चलिए, सम्मत जलाने की शुरुआत कीजिए।"

इतना सुनते ही पुआल के अंदर तीन दिन से छुपकर बैठा मोटू हाथी पुआल के अंदर से बोला, ''कोई पुआल नहीं जलाएगा, वरना मैं जलकर मर जाऊँगा!''

पुआल में छुपकर बैठे मोटू हाथी को देखकर सभी जानवर खुशी से बोल पड़े, ''मोटू हाथी मिल गया, मोटू हाथी मिल गया! हमारी होली खूब जमेगी!''

मोटू हाथी पुआल से बाहर आकर सभी जानवरों से बोला, ''अब मैं ऐसी गलती कभी नहीं करूँगा। मैं सभी से क्षमा माँगता हूँ।''

मोटू हाथी की बात सुनकर लंबू ऊँट बोला, ''ठीक है, हम तुम्हें माफ करते हैं। कल सभी जानवरों के साथ मिलकर तुम्हें होली खेलनी पड़ेगी तथा कीचड़ भरे गड्ढे में कूदना पड़ेगा। किसी जानवर को जबरदस्ती रंग नहीं लगाना होगा। साथ ही, तुम्हें छोटे जानवरों को अपनी पीठ पर बिठाकर सभी के साथ होली मनाना होगा।''

''हाँ, मुझे तुम्हारी हर शर्त मंजूर है।'' मोटू हाथी बोल उठा।

राजा शेर द्वारा सम्मत जलाने के बाद होली का रंगारंग कार्यक्रम शुरू हो गया। सभी जानवर अपने साथ लाए अबीर, गुलाल एक-दूसरे को लगाने लगे।

लंबू ऊँट ने एलान किया, ''कल सुबह बारह बजे सभी जानवर अपनी-अपनी पिचकारी, रंग, अबीर व गुलाल लेकर राजा शेर के महल पर आएँगे। फिर हम मिलकर खूब होली का हुड़दंग मचाएँगे।''

रात काफी हो गई है। अब सभी जानवर अपने-अपने घर जा सकते हैं। कल राजा शेर के महल पर आने की बात कहकर सभी जानवर अपने-अपने घर की ओर चल दिए।

अध्यक्ष-स्वर्गीय मीनू रेडियो श्रोता क्लब
गल्लामंडी, गोलाबाजार-273408
गोरखपुर(उ.प्र.)

Aditya and Genie

Hema Rao

Aditya had found a blue bottle in an empty bird's nest atop a tree. He had climbed up the tree to get his kite. Aditya was fascinated by the myriad colours radiating from the bottle. He picked it up and took it home. He placed it on the shelf near his bed.

That evening, as he did his homework, Aditya heard a voice screeching, "Let me out! *Pleeease let me out!* Aditya looked here, there and everywhere. Finally, he located the source of the voice. It was coming from inside the bottle.

"Take out the cork and let me out!" pleaded the voice.

"Who is this?" asked Aditya.

"Me… a Genie," said the voice.

"WHY are you imprisoned in a bottle? If you are a Genie, use your magic to get out of the bottle!"

"I was tricked into walking into this bottle, you stupid boy!" shouted the Genie. "It's a blue bottle. That colour makes my magic unworkable. So let me come out!"

Aditya let the Genie out. This was not an act of kindness on his part. Aditya knew that Genie's magic was powerful. A grateful Genie would do any work for him! Genie was only five inches tall and was visible only to Aditya.

Aditya had wonderful days ahead!

Genie cleaned up his room.

Genie polished his black school shoes.

Genie scrubbed clean his dirty white canvas sports shoes.

Genie did his home work.

Genie used his magic to make ice cream and chocolate and *jalebis* for Aditya!

But Aditya's happiness lasted only for a few days. Genie was tired and fed up doing unpleasant task for his new master each and every day. His new master was very lazy! Genie had a temper too. He was as moody as Aditya. Soon the boy and Genie were at loggerheads!

One day, Aditya told Genie he needed leaves of ten different trees for his Science project. Genie brought the leaves but did not know the names of the trees from which he had plucked the leaves.

"How can anyone be so stupid!" shouted Aditya. "What do I write in my note book?" Do you expect me to write that the leaves sprouted from my head?"

"If you are so fussy then why don't you do the work yourself, Lazy Bones! yelled back the Genie.

It was late evening. The leaf project had to be submitted the next day. So Aditya spent five hours identifying each leaf with the help of his botany book and the internet. He could not watch his favourite television show. His mother told him to stop grumbling and finish the project quietly.

"That homework was given ten days ago," said his mother, "If you had done it on time, you could have watched THAT show."

Genie solved Aditya's arithmetic problems. The answers were right but Aditya's teacher made him re-do the sums.

"You may be Ramanujam," said his teacher, sarcastically, "But in my class, you will have to solve the sums by the

method I taught in the classroom, step-by-step!" Aditya had to re-do all the sums during the Games period. He was very upset. He loved playing basketball.

Hindi period won him another angry tirade, "Why have you used Urdu words?" asked the teacher. "Do you have eyes or buttons in you head? Rewrite the essay in Hindi."

At Art class, Aditya discovered that Genie had used magenta to colour the sea! "I should have painted the scenery myself," thought Aditya, as the whole class laughed at him. "I must recheck my homework every day. Taking Genie's help only brings trouble for me." Art teacher gave him a note to give it to his mother. It requested her to make her son take a good look at the sea!

Back home, genie and Aditya had a massive showdown.

"I will do all my work myself!" yelled Aditya.

"Good!" retorted the Genie. "It's time to move your LAZY bones!

"I shall put you back into the bottle," vowed Aditya.

Twiddledum-twiddledee!

THAT is not EASY!

You will have to make me walk into it

Hee….Hee.. Hee.. HEE! sang the Genie, gleefully.

So Aditya did not give Genie any school-work to do nor did he talk to him. Two days later, Aditya was compiling facts about endangered animals. This triggered off a brilliant idea in his head. He did not want to put Genie back into the bottle. The little chap had the right to be free. But the Genie had to be sent away. He was getting bored and restless. This worried Aditya. An idle Genie could be very dangerous!

"I wish I had a Dodo bird for a pet!" said Aditya.

"I will get it for you!" said the bored Genie, eagerly,

Aditya's Genie did not come back.

Everyone knows that Dodos are extinct, Aditya suspected that the clever Genie knew that too. That's why Genie went away. He knew he could not come back without completing the task given to him. Who was smarter? That's hard to say, but both were good at giving back TIT for TAT!

★★★
★★
★

FF-2, Suraksha Comforts
19, 17th Cross,
Padmanabha Nagar,
Bangalore-560070
(Karnataka)

चंदा मामा दूर कहाँ

भगवती प्रसाद द्विवेदी

चंदा मामा दूर कहाँ!
यहीं झील में रहे नहा।

चाँदी का जल चम-चम-चम
मछली नाच रही छम-छम
बगुले उतर रहे खम-खम
बत्तख तैर रही झम-झम
डुबकी मारें जहाँ-तहाँ
चंदा मामा दूर कहाँ!
यहीं झील में रहे नहा।

मामा नभ की सैर करें
इधर झील में भी तैरें
हाथ हिलाकर बुला रहे
देख सभी खिलखिला रहे
उछलें जल में यहाँ-वहाँ
चंदा मामा दूर कहाँ!
यहीं झील में रहे नहा।

204, टेलीफोन भवन, आर-ब्लॉक,
पोस्ट बॉक्स-115, पटना-800001 (बिहार)

पैसे का पेड़

वैद्यनाथ झा

राधोपुर गाँव में एक गरीब किसान रहता था। उसका नाम था लच्छू। उसके तीन संतान थीं —एक बेटा, दो बेटियाँ। बेटे का नाम था छुट्टन। लच्छू दिन-रात कड़ी मेहनत करके अपने परिवार का पेट पालता था। शाम को जब वह काम पर से थका-हारा लौटता तो कई बार बैठे-बैठे वह नींद से लुढ़क जाता था।

छुट्टन को अपने बापू पर बहुत दया आती

थी। वह उनका हाथ-पैर दबा देता। कभी-कभी सिर में तेल-मालिश कर देता। वह बापू से पूछता, ''बापू, मेरे दोस्त मिट्ठन के बापू तो इतनी मेहनत भी नहीं करते, फिर भी मिट्ठन कितनी बढ़िया-बढ़िया चीजें खाता है, कितना बढ़िया कपड़े पहनता है। उसका बैट ही हजार रुपये का है।'' लच्छू मुस्करा देता। बोलता, ''बेटा, तू अभी बच्चा है। खूब खेला कर, पढ़ा कर।''

मगर छुट्टन खुद को छोटा मानने के लिए तैयार नहीं था। वह सोच रहा था, 'बापू जमीन खोदकर बीज डालते हैं, पानी डालते हैं, खाद डालते हैं तो पौधे बड़े होते हैं, फल देते हैं। मैं अगर पैसों का पेड़ उगाऊँ तो ढेर सारे पैसे पेड़ पर फूलेंगे-फलेंगे, पैसे बापू को दूँगा। उन्हें इतनी ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।'

और एक दिन तो उसने वही किया। खेत के एक कोने पर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर मिट्टी खोदकर तीन जगह एक-एक सिक्का डालकर मिट्टी से ढक दिया। अब वह वहाँ रोज पानी डालता। उसके खेत के बाहर एक झोंपड़ी में साधू बाबा रहते थे। वे उसे ऐसा करते देखते। एक दिन उन्होंने पूछा, ''बेटा, तुमने क्या बोया है?''

छुट्टन बोला, ''पैसा।''

बाबा हँसे। कुछ सोचकर बोले, ''बेटा, पेड़ उगाने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है। मिट्टी नमकीन पानी माँगती है।''

अब वह बोतल में पानी भरकर, एक चुटकी नमक डालकर खूब मिलाकर वही पानी उस मिट्टी में डालता जहाँ उसने सिक्के गाड़े थे। साधू बाबा ने देखा तो उन्हें फिर हँसी आई। वे बोले, ''बेटा छुट्टन, तुम मेरी बात नहीं समझ सके। मिट्टी नमकीन पानी नहीं, आदमी का पसीना माँगती है। खूब जीतोड़ मेहनत कर किसान पसीना बहाता है और वह पसीना मिट्टी में गिरता है, तब धरती अनाज और फल देती है।''

छुट्टन बोला, ''बाबा, मैंने तो सिक्का बोया है। मुझे पैसे का पेड़ चाहिए, जो खूब फले-फूले। पूरे पेड़ में पैसे-ही-पैसे फले।''

बाबा मुस्कुराए। बोले, ''ठीक है, तो साफ पानी और खाद डाला कर।''

छुट्टन वही करने लगा। रोज मिट्टी को ध्यान से देखता कि सिक्के का बीज उगा या नहीं।

एक दिन तो कमाल हो गया। छुट्टन ने देखा कि जहाँ वह रोज पानी डालता है, वहाँ तीन नन्हे-नन्हे पौधे उग आए हैं। वह खुशी से नाच उठा। दौड़ा-दौड़ा घर आया और बोला, ''बापू, मैंने पैसे का पेड़ बोया था, देखो, वहाँ पौधे उग आए हैं। अब ये पौधे बड़े होकर पेड़ बनेंगे, खूब फल देंगे, पैसे वाला फल। पैसे-ही-पैसे होंगे। फिर आपको इतनी कड़ी मेहनत करने की जरूरत नहीं रहेगी!''

लच्छू और उसकी बीवी के तो हँसते-हँसते पेट के बल पड़ रहे थे। उन्होंने छुट्टन को उगे

हुए पौधों का सच नहीं बताया। उन्होंने सोचा, थोड़ा बड़ा होगा तो खुद समझ जाएगा।

छुट्टन उन पौधों की बहुत लगन से सेवा करता। पौधे काफी बड़े हो गए थे। एक दिन छुट्टन अपने बापू को वे पौधे दिखाने खेत में उस जगह ले गया। लच्छू कुशल किसान था। पौधे की पत्तियाँ देखकर ही पहचान लेने वाला। लच्छू ने पौधों को ध्यान से देखा, दो पौधे उन्नत किस्म के आम के थे, बड़े आकार वाले आम और एक पौधा बड़े आकार वाले अमरुद वाला। पौधे तेजी से बढ़ रहे थे।

जब पेड़ फल देने लगे तो लोग उन फलों के आकार और स्वाद के बारे में सुन दूर-दूर से आने लगे। ऐसे फल वे पहली बार देख रहे थे। उन पेड़ों पर लगे फलों को देखकर छुट्टन का मुँह लटक गया। उसने बापू से पूछा, ''बापू, मैंने तो पैसों के पेड़ लगाए थे। इन पर तो पैसे फलने चाहिए थे। ये आम और अमरूद क्यों फल रहे हैं। स्कूल में मास्टर जी पढ़ाते थे, जो बोओगे, वही काटोगे। मैंने आम-अमरूद कहाँ बोए थे?''

लच्छू ने सोचा, इसे बताना चाहिए पैसे पेड़ पर नहीं फलते। बोला, ''छुट्टन बेटा, यह सही है कि तूने पैसे बोए थे। ये पेड़ भी पैसे देंगे, मगर पेड़ पर फलकर नहीं। जीव से जीव पैदा होता है। पैसे में जीवन नहीं होता इसीलिए पैसे का पेड़ नहीं उगता।''

''फिर बापू, जिस जगह पर मैंने सिक्के बोए थे, वहीं पौधे कैसे उगे?'' छुट्टन ने पूछा।

लच्छू बोला, ''छुट्टन, जहाँ तूने सिक्के दबाए थे, उसी के आसपास आम और अमरूद के बीज भी पड़े थे। तुम्हारे खाद-पानी देने से वे अंकुरित हुए और बढ़ने लगे।''

छुट्टन ने पूछा, ''ये बीज वहाँ कैसे पहुँचे?''

लच्छू बोला, ''किसी ने आम खाकर गुठली फेंक दिए होंगे और मिट्टी में दब गए होंगे। मैंने पहले ही कहा था कि ये पेड़ उन्नत किस्म के आम के पेड़ हैं, बारहों महीने फलने वाला। प्रकृति में ऐसे पेड़ बहुत कम होते हैं। मैं इन फलों को बेचूँगा तो घर में खूब पैसे आएँगे। अब बताओ, पैसे तो इन्हीं पेड़ों के फल बेचने से आए या नहीं।''

छुट्टन बोला, ''हाँ।''

लच्छू ने कहा, ''अब तो तुम्हारे समझ में आ गया होगा कि पैसे पेड़ों पर नहीं फलते। पैसों के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। तुमने भी तो मेहनत की—पानी दिया, खाद दिया, पौधों की देखभाल करते रहे। और बेटा, याद रखो, मेहनत बुरी चीज नहीं बल्कि जरूरी है। बिना मेहनत जो मिलता है वह टिकता नहीं।''

छुट्टन समझ गया कि उसने पैसे के जो पेड़ बोए थे, उनके फल पेड़ों पर नहीं उगते बल्कि बाजार में उगते हैं। मेहनत करने वाला रहम के काबिल नहीं, तारीफ के काबिल होता है।

म.नं. 261, ब्लॉक-7सी-6/सी
जनकपुरी, नई दिल्ली-58

मेरी पतंग

अंजू बाला



उड़े हवा में मेरी पतंग
चाहूँ उड़ना मैं भी संग
इसके हैं कितने ही रंग
देखके मन में उठे उमंग।

पापा जी से लेकर पैसे
ले आऊँ घर इसको ऐसे
बड़े चाव से इसे उड़ाऊँ
उड़ती जाए डोर के संग।

बच्चों के यह दिल को भाए
उड़ती देखके मन हर्षाए
दूर गगन में उड़ती जाए
मन में सहसा उठे तरंग।

जब तुम बच्चो इसे उड़ाओ
छतों पर बिलकुल मत जाओ
खुले गगन में इसे उड़ाओ
छोटे-बड़े सब मिलकर संग।

पतंग हमें देती है संदेश
कागज का है चाहे भेष
फट जाए कुछ रहे न शेष
यह छोटे जीवन से नहीं तंग।

हिंदी शिक्षिका
स.को.एजु.हाई स्कूल, लहिली-कलाँ
होशियारपुर (पंजाब)

Yaksh The Tree Spirit

Herminder Ohri

A long time ago, in a village, lived a man named Sukhram. He had a wife, three sons and a daughter. Sukhram and his wife worked as daily wagers on other people's land. The sons had labored at petty jobs around the village. No matter how hard they worked, they could not make ends meet and were wretchedly poor.

Sukhram along with his family decided that they would try their luck else where. So they packed their meager belongings and made their way out of the village.

They walked through the day, when it got dark, Sukhram decided that they would spend the night in the woods. His wife and daughter spread out some bedding under a tree for the family to rest.

They were also very hungry, the eldest son was told to gather some fire wood. The second son was asked to pick stones and construct a makeshift oven (*Chulha*). The youngest son was asked to search for berries, fruits or wild roots that could be cooked. The three sons obediently went about the tasks their father had set out for them.

When the firewood got collected, the makeshift oven was made. The youngest son had managed to find some fruits and had dug up some wild yams that he found, they would provide a tasty and filling meal. The daughter and her mother had put the cooking vessel on the oven and were about to light the fire and suddenly the tree started shaking.

Frightened and confused they looked around, only that particular tree was shaking. The other trees were still, not even a breeze stirred the leaves.

Before they could catch the breath, a black vaporous figure slid down the tree, stood before them and said, "I am Yaksh— the tree spirit, this is my home. I request you not to light a fire under the tree.

"On hearing this, Sukhram and his family slowly dismantled the oven, threw away the firewood and ate fruits and went to sleep.

Yaksh was very happy, that they had obeyed without a murmer and respected his wishes. Yaksh spoke again, "I am happy that you listened to me. I have noticed that your sons and daughter are obedient and respectful. They also carry

out your orders. Tomorrow morning, when you get up, open your bundles and see your reward." With that Yaksh the tree spirit disappeared.

Sukhram and his family tied up their meager belongings. Hungry and tired. They went to sleep.

The next morning dawned clear and sunny, they were not sure that what had happened the night before was real or figment of their imagination.

"Father, let us open our bundles, then we will know whether it was real or a dream," said the eldest son.



They opened one bundle, it was filled with gold coins. The other bundles did not have their ragged clothes or worn out utensils, they were filled with gold coins.

The family was delirious with happiness. Sukhram, his sons, wife and daughter, bowed low to the tree and thanked the Yaksh for the riches he had showered on them. Now they had no need to go anywhere, so they walked back to their village and their old hut.

Soon the hut turned into a beautiful house. Sukhram and his sons bought their own land. Their prosperity was there for all to see. This made people very curious, especially their neighbour, Lalchand.

He could not contain his curiosity and asked Sukhram "Brother, you went away as a pauper and after, one night, you came back as a very rich man, how?" Sukhram was a simple and straight forward man. He narrated the whole story, from beginning to end. Lalchand went home and thought that this is very simple.

I shall take my family and do exactly as Sukhram did. I will also come back as a rich man. Of he went to the forest with his three sons, a daughter and his wife. As it grew dark, he decided to rest under the same tree as Sukhram had.

He told his eldest son to collect firewood. The son refused, "I am too tired father, why do you not go yourself?"

He asked his second son, "Collect some stones and make an oven." This son also refused saying, "Father I am also very tired, when you go to collect firewood, why don't you pick up some stones for the oven."

Then he asked his youngest son, "At least find some berries or fruits, so we have something to eat." His son said to him, "Father I am as tired as the other two, when you are collecting the fire wood and the stones, surely a few fruits and berries won't add that much to your load."

His daughter also refused to spread the sheet under the tree for the family to sleep on.

Never mind he thought, in the morning our bundles are going to be filled with gold. We never lit a fire, the Yaksh never even had to ask us, he will be so pleased, that he will give us more gold than he gave Sukhram.

The family went to sleep smiling, thinking of the wealth that would be theirs. They got up early in the morning, eagerly pulling over the bundles. There was no gold, the bundle was filled with dried leaves.

Yaksh appeared before them and said, "Your sons and daughter are lazy, disrespectful and disobedient. Sukhram's sons were hardworking, respectful and obeyed their parents. They deserved the gold. When your sons and daughters learn to work hard, and are respectful and obey you, wealth will come their way." Saying this the Yaksh disappeared. Lalchand and his family went home sadder and wiser.

robindero@yahoo.com

गोपीरामपुरा की होली

डॉ. सुनीता

पाँच बरस की नन्ही-सी नीना। उसे गोपीरामपुरा कस्बे के कमलाकुंज मुहल्ले में अपने मम्मी-पापा के साथ आए अभी कुल जमा दो महीने ही तो हुए थे। इतने में आ गई होली। बस, नन्ही-सी नीना तो मुश्किल में पड़ गई! नीना को किसी चीज से डर लगता था तो होली के रंगों से। ओह, जाने कैसे-कैसे रंग चेहरे पर पोतकर बिलकुल भूत बना देते हैं लोग होली वाले दिन! शीशे में अपनी शक्ल देखो तो खुद डर जाओ। यहाँ तक कि मम्मी-पापा की शक्लें भी होली

वाले दिन कुछ ऐसी अजीबोगरीब हो जाती हैं कि पूछो मत। ... ना बाबा, ना! हमें नहीं खेलनी होली और इस गोपीरामपुरा के कमलाकुंज मोहल्ले में तो बिलकुल नहीं खेलनी।

तौबा, तौबा! यहाँ की लड़कियाँ तो देखो। उस दिन कम्मो कह रही थी, ''नीना, बस होली आने दो। इस बार तुम्हें ऐसा जोकर बनाऊँगी कि पूरे सालभर याद करेगी और हँसेगी।''

इस पर बबीता फिस्स-फिस्स हँसते हुए बोली, ''और मेरे भैया ने तो कैमरे में नई रील भी डलवाकर रख ली है। मैं कह दूँगी कि भैया, इस बार होली पर नीना का फोटो खींचना मत भूलना। देखना, फोटो खींचकर भैया जरूर किसी अखबार में भेजेंगे छपने।''

''न...न...न...! मुझे नहीं खिंचवानी फोटो-वोटो। होली की अपनी फोटो देखकर तो मुझे खुद ही डर लगेगा।'' नीना रुआँसी हो गई।

और होली से पहले वाली रात को तो बेचारी नीना सो ही नहीं पाई। पूरी रात यही सोचती रही कि कैसे गोपीरामपुरा की इन शरारती लड़कियों से बचूँ? ये तो होली पर मेरा हुलिया बिगाड़ देंगी।

आखिर सुबह उठते ही उसने लड़ियाते हुए मम्मी से कहा, ''मम्मी...मम्मी, मुझे अंदर वाली कोठरी में छिपा देना। मुझे नहीं खेलनी होली।''

मम्मी ने हैरानी से कहा, ''क्यों नीना, सब बच्चे तो होली खेलने के लिए तरसते हैं! तू छिपकर बैठेगी?''

''हाँ मम्मी, प्लीज...! मेरी सहेलियाँ आएँ तो उनसे कह देना कि नीना बाहर गई है। अपने अंकल के पास। खासकर कम्मो और बबीता को तो जरूर टरका देना। ये बहुत दुष्ट हैं।''

अभी नीना यह बात कह ही रही थी कि बाहर 'होली है...होली है!' का शोर सुनाई पड़ा। उसमें कम्मो और बबीता की आवाजें भी शामिल थीं।

देखते-ही-देखते आसपास के दस-पंद्रह लड़के-लड़कियों की टोली घर में दाखिल हुई। सभी रंगों में सराबोर, मगर सब हँस रहे थे। हँसते-हँसते लोटपोट हो रहे थे। कम्मो हँसते हुए बोली, ''आंटी, आंटी, नीना को बाहर निकालिए न! उसे कहाँ छिपा रखा है?''

नीना की मम्मी बोली, ''अरे कम्मो, वह तो अपने मामा के यहाँ गई है, मोती नगर।''

''क्यों आंटी! मोती नगर क्यों भेज दिया उसे आज के दिन?'' कम्मो रुआँसी हो गई। बोली, ''आज तो हमें उससे जमकर होली खेलनी थी!''

''हो सकता है, घंटे-दो-घंटे में वह आ जाए। तब तुमलोग फिर आ जाना।'' नीना की मम्मी ने बात को टालते हुए कहा।

पर बच्चे कब मानने वाले थे! बबीता बोली, ''नहीं आंटी, हमें यकीन है, वो घर में ही होगी।

कहीं गई नहीं है।'' बबीता की बात पूरी होते ही सारे बच्चों ने मिलकर नारा लगाया, ''नीना... नीना, बाहर आओ! प्लीज नीना, बाहर आओ... बाहर आकर होली खेलो!''

और फिर न जाने कब यही नारा लगाते-लगाते बच्चों की पूरी टोली नाच उठी। नाच नाचते हुए भी सब बड़े प्यार से और बढ़िया सुर में यही गाना गा रहे थे, ''नीना... नीना, बाहर आओ! प्लीज नीना, बाहर आओ! आकर हमसे होली खेलो!''

देखते-ही-देखते नाच का ऐसा रंग जमा कि नीना की मम्मी तो लोट-पोट हो गईं। हँसते-हँसते बोलीं, ''अरे बच्चो, नीना घर में होती तो क्या बाहर न आ जाती? वह तो सच में नहीं है। हाँ, तुमलोगों को गुझिए खाने हैं तो खा लो, मैं ला देती हूँ।''

अभी नीना की मम्मी गुझिए की थाली लेकर बाहर आई ही थी कि अचानक भीतर से आवाज सुनाई दी,

''मम्मी, हाय मम्मी...

छिपकली! मोटी वाली...!''

सुनते ही बच्चों की टोली हैरान। कम्मो उछलकर बोली, ''अरे वाह आंटी, यह तो नीना की आवाज है! नीना को कहाँ छिपा रखा है आपने, जल्दी बताइए?''

नीना की मम्मी हँसते हुए बोली, ''अरे भई, वह भीतर स्टोर में छिपी बैठी है। डर रही थी तुमलोगों से, इसलिए भीतर छिपकर बैठ गई। जाओ, तुमलोग प्यार से बुला लाओ उसे।''

सुनते ही बच्चों की टोली धम-धम करती अंदर घुसी और सब उसे कंधे पर बिठाकर बाहर ले आए। फिर तो उस पर रंगों की ऐसी बौछारें पड़ीं कि नीना पहले तो डरी, पर फिर उसे भी आनंद आने लगा। उसने भी सब पर खूब रंग डाले और खूब हँसी, खिलखिलाई।

फिर एक बार बच्चों की टोली ने नीना को अपने साथ लेकर, अपना खूब प्यारा-सा नाच दिखाया। गाने गाए, गुझिया और घर के बने लड्डू खाए, और सब 'होली है...होली है...!' का नारा लगाते घर से बाहर निकले तो संग-संग हँसती-खिलखिलाती नीना भी थी।

कम्मो बोली, ''उस मोटी छिपकली को धन्यवाद दो नीना, वरना तुम बाहर कैसे निकलतीं और होली का यह आनंद कहाँ आता!''

इस पर नीना खुदर-खुदर हँसी। बोली, ''जैसी होली खेली है इस बार, वैसी आए हर साल...!'' और हँसती-खिलखिलाती गोपीरामपुरा के बच्चों की यह टोली अब आगे जा रही थी।

545, सेक्टर-29, फरीदाबाद-121008
(हरियाणा)

बूझो पहेली

सन्दीप कपूर

1. हर किसी को उलझाती
दिमाग खूब दौड़ाती
सभा इसके बिना अधूरी
जो सबका जी बहलाती।

2. मेरे बिना कागज अधूरा
अधूरी कॉपी और किताब
मेरे संग ही याद रहे
आप सबको हिसाब-किताब।

3. एक तरह के दो थाल
एक में लोहा, एक में दाल।

4. एक चीज मै हूँ ऐसी
मेरे हैं दो पाट
जो कुछ बीच में आए
करती उसकी काट।

5. एक वस्तु ऐसी अलबेली
आदि कटे तो बन जाए हाथी
अंत कटे तो काग
बीच कटे काम रह जाए
सब बूझो मेरे साथ।



88/1395, बलदेव नगर,
अंबाला सिटी-134007
(हरियाणा)

उत्तर : 1. पहेली 2. पेन 3. तराजू 4. कैंची 5. कागज

Been to Blind's Empire to Sell Mirror

Gayatri Mishra

Jadumani was a famous Odia poet, narrator and intellectual. He was known for his spontaneous poetic talent, sharp wit and self determination. His poetry was filled with ingenious humour and satire. He was well versed in Odia and Sanskrit languages.

Through jokes, humour, satire and ridicule, he used to bring out the truth and unmask dishonesty, illegitimacy and untruthfulness.

The king, the common people and the courtiers—used to get carried away by his jokes and humour. Very cleverly he could declare the actual truth.

Through his daring independent thinking process he was able to unmask the feudal customs of the society.

Many of his humourous poetic exclamations are used as idioms even today.

He was the royal poet in the court of Nayagarh. Everywhere was his praise. So, the kings of other kingdoms used to invite him in order to enjoy his jokes and humour.

Once the king of Ranapur invited Jadumani. On his first visit to Ranapur, he had an opportunity to know the brilliance of the king. He was much impressed with him. Therefore, he thought to present some gift to the king.

In order to surprise him, he wrapped a brass idol of Lord Vishnu layer by layer in silk cloth. He arrived at the court on the predetermined day and greeted the king and handed over the gift to him.

The king knew that poet Jadumani was very clever. He thought this to be a prank of Jadumani to serve some jokes and redicule him. Therefore, he unwrapped one or two layers from the gift and kept it on the ground. Seeing this, Jadumani right away sang a poem:

Been to blinds' empire to sell mirror
On Kondh's hand, cattle wealth I offer
Cooked greens in oil of castor
Kissed on the face of a wild charger
O King, what you did!
Kept idol of Lord Vishnu on the floor?

Listening to the poem, the king all of a sudden became annoyed. Poet

Jadumani also out of disappointment returned to Nayagarh. For some years, he did not visit Ranapur again.

The king afterwards opened all the layers of silk cloth from the gift and found the stunning idol of Lord Vishnu.

He repented for having rebuked Jadumani badly for no reason.

Jadumani on the other hand also felt bad. Since he earlier had good relationship with the king of Ranapur, he did not wish their relationship to be over like this.

Jadumani sent another poem praising the king through his grandson-in-law Gunadhara.

He thought that by reading this poem, the king would be very happy and forget the unpleasant moments of the past.

His apprehensions were right. The king was very pleased after reading the poem and sent gift items for Jadumani.

A-2-90 A, IRC Village
Nayapalli
Bhuvaneswar-751015
(Odisha)

कैसे बनी गुड़िया

आकांक्षा यादव

गुड़िया भला किसे नहीं भाती! गुड़िया को लेकर न जाने कितने गीत लिखे गए हैं। गुड़िया के बिना बचपन अधूरा ही कहा जाता है। खिलौने के रूप में प्रयुक्त गुड़िया लोगों को इतना भाने लगी कि इसके नाम पर बच्चों के नाम भी रखे जाने लगे। बचपन में अपने हाथों से बनाई गई गुड़िया किसे याद नहीं होगी! गुड्डे-गुड़िया का खेल और फिर उनकी शादी ... न जाने क्या-क्या मनभावन चीजें इससे जुड़ी थीं। लोग मेले में जाते तो गुड़िया जरूर खरीदकर लाते। रोते बच्चों को भी हँसा देती है प्यारी-सी गुड़िया। अब तो बाजार में तरह-तरह की गुड़िया उपलब्ध हैं। गुड़िया की बाकायदा ब्रांडिंग कर मार्केटिंग भी की जा रही है। सर्वप्रथम गुड़िया बनाने का श्रेय इजिप्ट यानी मिस्रवासियों को जाता है। मिस्र में लगभग 2000 साल पहले धनी परिवारों में गुड़िया होती थीं। इन गुड़ियों का प्रयोग पूजा के लिए व कुछ अलग प्रकार की गुड़ियों का प्रयोग बच्चे खेलने के लिए करते थे।

पहले इस पर फ्लैट लकड़ी को पेंट करके, उस पर डिजायन किया जाता था। बालों को वुडेन बीड्स या मिट्टी से बनाया जाता था।

ग्रीस और रोम के बच्चे बड़े होने पर लकड़ी से बनी अपनी गुड़िया देवी को चढ़ा देते थे। उस समय हड्डियों से भी गुड़िया बनाई जाती थीं। ये आज की तुलना में बहुत साधारण होती थीं। कुछ समय बाद मोम (वैक्स) से भी गुड़िया बनाई जाने लगी। इसके बाद गुड़िया को रंग-बिरंगी ड्रेस पहनाई जाने लगी। यूरोप भी एक समय में 'डॉल्स हब' था। वहाँ बड़ी मात्रा में गुड़िया बनाई जाती थी।

17वीं-18वीं शताब्दी में वैक्स और वुड की बनी गुड़िया बहुत प्रचलित थीं।

धीरे-धीरे इनमें सुधार होता रहा। 1850 से 1930 के बीच इंग्लैंड में गुड़िया के बनाने में एक और परिवर्तन किया गया। इनके सिर को मोम या मिट्टी से बनाकर प्लास्टर से इसको मोल्ड किया गया। सबसे पहले एक बेबी के रूप में गुड़िया को बनाने का श्रेय इंग्लैंड को जाता है। 19वीं शताब्दी में इस गुड़िया को भी वैक्स से बनाया गया था। 1880 में फ्रांस की 'बेबे' नाम की गुड़िया तो खूब प्रसिद्ध हुई थी। यही वह सुंदर गुड़िया थी जिसे 1850 में 'बेबी' के रूप में सबसे पहले बनाया गया था। इससे पहले की लगभग सभी गुड़िया बड़े लोगों के रूप में बनाई जाती थीं। लेकिन ये सभी गुड़िया काफी महँगी थीं।

जर्मनी ने बच्चों में गुड़िया के क्रेज देखकर सस्ती गुड़िया बनाने की शुरुआत की थी। महँगी होने की वजह से अधिकतर माँ अपने बच्चे को कॉटन या लिनन के कपड़े से गुड़िया बनाकर देती थीं।

1850 में अमेरिकन कंपनियों ने इस प्रकार की गुड़िया बड़ी मात्रा में बनानी शुरू कर दीं। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान गुड़िया बनाने में प्लास्टिक का प्रयोग शुरू किया गया। 1940 में कठोर प्लास्टिक की गुड़िया बनाई जाने लगी। 1950 में रबर, फोम आदि की गुड़िया भी बनाई जाने लगी।

इसके बाद तो गुड़िया को न जाने कितने रंग-रूप में ढाला गया। 'बार्बी' गुड़िया के प्रति बच्चों का क्रेज जगजाहिर है। अब भिन्न-भिन्न प्रकार की और भिन्न-भिन्न दामों में गुड़िया बाजार में आ गई हैं। बस जरूरत है उन्हें खरीदने की, और फिर गुड़िया तो जीवन का अंग ही हो जाती है।

कई लोग तो तरह-तरह की गुड़िया इकट्ठा करने का शौक रखते हैं। गुड़िया के बाकायदा संग्रहालय भी हैं।

अपने देश की राजधानी नई दिल्ली में बहादुर शाह जफर मार्ग पर चिल्ड्रंस बुक ट्रस्ट के भवन में शंकर अंतरराष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय स्थित है। इस संग्रहालय की स्थापना मशहूर कार्टूनिस्ट के. शंकर पिल्लई ने की थी। विभिन्न परिधानों में सजी गुड़ियों का यह संग्रह विश्व के सबसे बड़े संग्रहों में से एक है।

1000 गुड़ियों से आरंभ इस संग्रहालय में वर्तमान में 85 देशों की करीब 6500 गुड़ियों का संग्रह देखा जा सकता है।

यहाँ एक हिस्से में यूरोपियन देशों, इंग्लैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, राष्ट्रमंडल देशों की गुड़िया रखी गई हैं तो दूसरे भाग में एशियाई देशों, मध्यपूर्व, अफ्रीका और भारत की गुड़िया प्रदर्शित की गई हैं। इन गुड़ियों को खूब सजाकर रखा गया है।

टाइप-5, निदेशक-बंगला
जीपीओ कैंपस, सिविल लाइंस
इलाहाबाद-211001 (उ.प्र.)

हाथी जी

रमेश चंद्र पंत

ये बेहद भोले हाथी जी
हैं बच्चों के साथी जी।

बना टोलियाँ रहते वन में
संग-साथ में हाथी जी।

करते प्रकट क्रोध हैं अपना
सूँड़ पटककर हाथी जी।

तहस-नहस कर देते सब कुछ
पलक झपकते हाथी जी।

घ्राण-शक्ति कम नहीं, टोह
हैं ले लेते झट हाथी जी।

अगर पालतू बन बैठें तो
हिलमिल जाते हाथी जी।

और पीठ पर हमें बिठाकर
सैर कराते हाथी जी।

'उत्कर्ष', विद्यापुर,
द्वाराहाट, अल्मोड़ा, उत्तराखंड-263653

मोहल्ले में चोरी

प्रभात कुमार दास

एक समय की बात है जब मोहल्ले में चोरी का माहौल था। प्रतिदिन किसी-न-किसी घर से पैसे, आभूषण आदि अन्य मूल्यवान वस्तुएँ चोरी हो रही थीं। ये चोरियाँ उन दो पति-पत्नी द्वारा हो रही थीं जो उसी मोहल्ले में रहते थे।

इसी मोहल्ले में एक पुलिसवाला भी रहता था, जिसका नाम था 'नायक'। मोहल्ले में ऐसी परिस्थिति देख वह बहुत दुखी हो रहा था।

उसने दिन-रात मोहल्ले में पुलिस की पहरेदारी करवा रखी थी, परंतु यह व्यवस्था भी काम नहीं आ रही थी। लोगों का पुलिस पर से अब विश्वास हटता जा रहा था। यह सब देख अब 'नायक' (पुलिसमैन) ने ठान लिया कि वह चुप नहीं बैठेगा।

कुछ दिनों तक चोरी होने के बाद उसका शक उस दंपती पर गया, क्योंकि उनके चेहरों पर चोरी होने का खौफ नहीं था। एकमात्र उनका ही घर था जो चोरी से बचा हुआ था। लेकिन केवल शक के आधार पर वह उनको चोर प्रमाणित नहीं कर सकता था।

अब नौ दिन हो चुके थे। दसवें दिन चोरों ने पुलिसवाले के घर में चोरी करने की सोची। वे उस रात उस पुलिसमैन के घर गए और उसके कमरे में चुपके से घुसे। उन्होंने जैसे ही तिजोरी खोलनी चाही वैसे ही चोर की पत्नी मेज

से टकरा गई और मेज पर रखा गमला गिर पड़ा। पुलिसमैन को शक हो गया कि जरूर चोर ही होंगे।

दरअसल, पुलिसमैन का अनुमान था कि वे जरूर दूसरे दिन चोरी करने आएँगे, और ठीक वैसा ही हुआ।

दूसरे दिन जब रात को चोर आए और जैसे ही उन्होंने तिजोरी खोली, वैसे ही कमरे में बत्ती जल उठी। चोर भागने के लिए जैसे ही पीछे मुड़े वैसे ही पाया कि पुलिसमैन की बंदूक उनकी तरफ थी। फिर उन्हें पकड़ लिया गया और कोर्ट के आदेश के अनुसार उन्हें तीन साल की कैद हो गई। सभी को अपने कीमती सामान मिल गए।

अब लोगों को पुलिस पर विश्वास हो गया और सभी मोहल्ले में खुशहाली से रहने लगे।

My Page

The Street Child

Ambikesh Sharma

Everyday when I go by the street
A poor child I always meet
He looks at me and gives me a smile
But that is just for a while

I, sitting in the car, look at him beg
Walking miserably with only leg
His trousers torn and no shirt to wear
Only he knows the problems he bears

His hair long and naked feet
With no savings and nothing to eat
Once I called him and gave him food
I tried to divert his mind and change his mood
Also I gave him a ride to the park
We played there until it got dark

I left him again on the road
And offered him a 100 rupee note
He refused and went away with his one leg
And went to the street to jump and beg

Today, when I passed by the street again
He wasn't there and my search was in vain
Where did he go? No one knew
His life mattered may be only to a few
I searched around and near a mile
I miss that short though cute smile.

J-14, Ganga Appartments
IGNOU Campus, Maidan Garhi,
New Delhi-110068

खुद करके देखो

दोस्त सोचे जो, तुम बताओ वो

आइवर यूशिएल



गणित खेल की तरह आनंददायक हो सकती है, यह कोई नहीं मानता। गणित से न सिर्फ़ मनोरंजन ही किया जा सकता है बल्कि इसके प्रदर्शन से लोगों को अचंभित भी किया जा सकता है, इसे भी कोई नहीं मानता। पर भई, हम तो मानते हैं कि जादू की तरह गणित से न सिर्फ़ मनोरंजन किया जा सकता है बल्कि इससे लोगों को चौंकाया भी जा सकता है। अब बताओ, तुम्हारे दोस्त ने मन में एक संख्या सोची और तुमने उसे पूछे बिना सिर्फ़ गणित के सहारे वह संख्या ठीक-ठीक बता दी, तो यह जादू जैसा रोचक नहीं तो और क्या है भला? आओ, तुम भी यह आसान-सा तरीका सीख लो लगे हाथ!

1. तुम अपने दोस्त को कहो कि वह कोई संख्या अपने मन में सोच ले।
   (मान लो उसने जो संख्या सोची है, वह है 35)
2. अब दोस्त को कहो कि वह सोची हुई संख्या को मन-ही-मन दुगुना कर दे। (35 को दुगुना करने पर यह हुई 35 x 2 = 70)
3. दुगुनी की हुई संख्या में 4 जोड़ने को कहो अब दोस्त को।
   (यह हो गई 70+4=74)
4. अब 5 से इसे गुणा करें।
   (74 x 5 = 370)
5. अंत में वह इसमें 12 जोड़कर फिर योगफल को 10 से गुणा कर दे।
   (370+12=382x10 = 3820)
6. अब अपने दोस्त महोदय से बस इतना ही कहना बाकी रह गया है कि इस तरह लंबे जोड़ घटाने के बाद नतीजे के तौर जो संख्या उसे मिली है वह तुम्हें बता दे।
7. दोस्त द्वारा परिणाम बताए जाने पर तुम उस संख्या में से 320 घटा दो और जो बचे उसमें से दायीं ओर में दो अंक हटा दो।
   तुम्हारा दोस्त तुम्हें अखिरी संख्या बताता है 3820। इसमें से 320 घटाने पर
   3820 - 320 = 3500

देखा तुमने, 3500 में से दायीं ओर के दो अंक हटा देने पर वही संख्या 35 बच रहती है न, जो तुम्हारे मित्र ने सोची हुई थी! अब तो मान गए कि गणित भी जादू जैसा मज़ेदार खेल होता है।

सी-203, कृष्णा काउण्टी
रामपुर नैनीताल, मिनी बाईपास
बरेली-243122 (उ.प्र.)

Book Review

When They Were Children

Whenever we come across pioneers, we often wonder about their personal life, especially their childhood. Were they prodigies or grew up like other children? And did they always know what they wanted to do in life...? This title reveals certain fascinating facts about the childhood of eleven great Indian achievers, who have excelled in diverse fields. The book has been illustrated by Manibhiram Chakravorty.

The author of the book, Thangamani has been writing for children for the last two decades.



When They Were Children
Thangamani
National Book Trust, India
₹ 70.00



An Ancient Tale from Andaman
Anvita Abbi
National Book Trust, India
₹ 25.00

An Ancient Tale from Andaman

The story is a creation myth which talks about how human life began on Andaman Island. An out of the ordinary tale narrated by Nao Jr., a tribesman, in Andamanese language, this tale gives interesting insights about the beliefs of the Andamanese people.

Anvita Abbi is Professor of Linguistics at Jawaharlal Nehru University, New Delhi.

R.N.I. No. -64771/96 Postal Regd. No-DL-SW-1-4066/2012-14
Licenced to post without prepayment, L. No. U (SW) 24/2012-14 Mailing Date :. 20/21 Same Month
Date of Publication: 14 /03/2014

colour the picture